film: Pyaar ki Jit singer: Suraiyya lyrics: music:

ओ दूर जाने वाले - २
वादा न भूल जाना - २
रातें हुई अन्धेरी - २
तुम चाँद बन के आना - २
ओ दूर जाने ...

अपने हुए पराए, दुश्मन हुआ ज़माना
तुम भी अगर न आए - २
मेरा कहाँ ठिकाना
ओ दूर जाने ...

आजा किसी की आँखें, रो रो के कह रही हैं
ऐसा न हो कि हम को - २
कर दे जुदा ज़माना
ओ दूर जाने ...

film: Thokar singer: Talat Mahmood or Asha
lyrics: music: Sardar Malik

Talat version:
ऐ ग़म-ए-दिल क्या करूँ
ऐ वहशत-ए-दिल क्या करूँ
क्या करूँ, क्या करूँ
ऐ ग़म-ए-दिल क्या करूँ

ये रूपहली छाँव ये आकाश पर तारों का जाल
जैसे सूफ़ी का तसव्वुर, जैसे आशिक़ का खयाल
आह लेकिन कौन समझे, कौन जाने दिल का हाल
ऐ ग़म-ए-दिल क्या करूँ ...

रास्ते में रुक के दम लूँ, ये मेरी आदत नहीं
लौट कर वापस चला जाऊँ मेरी फ़ितरत नहीं
और कोई हमनवा मिल जाए ये क़िस्मत नहीं
ऐ ग़म-ए-दिल क्या करूँ ...

Asha version:
ऐ ग़म-ए-दिल क्या करूँ
ऐ वहशत-ए-दिल क्या करूँ
क्या करूँ, क्या करूँ
ऐ ग़म-ए-दिल क्या करूँ

मुझको क़िस्मत ने बनाया, गंदले पानी का कंवल
ख़ाक में मिल मिल गए सब, आरज़ू के ये महल
क्या खबर थी यूँ मेरी तक़दीर जाएगी बदल
ऐ ग़म-ए-दिल ...

रूठने वाले किसी, मजबूर से रूठेगा क्या
जिस तरह क़िस्मत ने लूटा, यूँ कोई लूटेगा क्या
ये मेरे टूटे हुए दिल, और तू टूटेगा क्या
ऐ ग़म-ए-दिल ...

मोरा धड़के जिया
ओ ओ ओ ओ मुझे ...

जो छिपाना मैने चाहा
आँखों ने कह दिया
और जो मैंने कहना चाहा
दिल में ही रह गया
ओ ओ ओ ओ मुझे ...

आँखों आँखों में कर के इशारे
किसने दिल से कहा हम तुम्हारे
हाय ये क्या किया, ओ सलोने पिया,
मोरा धड़के जिया
ओ ओ ओ ओ मुझे ...

film: Amar singer: Lata
lyrics: Shakeel Badayuni music: Naushad

जाने वाले से मुलाक़ात ना होने पाई - २
दिल की दिल में ही रही बात ना होने पाई
जाने वाले से ...

चाँदनी खिल न सकी, चाँद ने मुँह मोड़ लिया - २
जिसका अरमान था वो बात ना होने पाई
जाने वाले से ...

दिल में तूफ़ान उठे, दिल की ज़ुबाँ खुल न सकी - २
बदलियाँ छा गई बरसात ना होने पाई
जाने वाले से ...

film: Albelaa singer: Mukesh, Lata
lyrics: Rajendra Krishan music: C. Ramchandra

धीरे से आजा री अँखियन में
निंदिया आजा री आजा, धीरे से आजा
छोटे से नैनन की बगियन में
निन्दिया आजा री आजा, धीरे से आजा

ओ ...
लेकर सुहाने सपनों की कलियाँ, सपनों की कलियाँ
आके बसा दे पलकों की गलियाँ, पलकों की गलियाँ
पलकों की छोटी सी गलियन में
निन्दिया आजा री आजा, धीरे से आजा
धीरे से ...

ओ ...
तारों से छुप कर तारों से चोरी, तारों से चोरी
देती है रजनी चँदा को लोरी, चँदा को लोरी
हँसता है चँदा भी निन्दियन में
निन्दिया आजा री आजा, धीरे से आजा
धीरे से ...

ओ ...
जगती है अँखियाँ सोती है क़िस्मत, सोती है क़िस्मत
दुश्मन गरीबों की होती है क़िस्मत, होती है क़िस्मत
दम भर गरीबों की कुटियन में
निन्दिया आजा री आजा, धीरे से आजा
धीरे से ...

film: Bees Saal Baad singer: Lata
lyrics: Shakeel Badayuni music: Hemant Kumar

(सपने सुहाने लड़कपन के
मेरे नैनों में डोले बहार बन के) - २

जब छाए घटा मतवाली, मेरे दिल पे चलाए आरी
घबराये अकेले मनवा, मैं लेके जवानी हारी
कैसे कटें दिन उलझन के
कोई लादे ज़माने वो बचपन के
सपने सुहाने ...

जब दूर पपीहा बोले, दिल खाये मेरा हिचकोले
मैं लाज में मर-मर जाऊँ, जब फूल पे भंवरा डोले
छेड़े पवनिया तराने जब मन के
मुझे भाये न रंग ये जीवन के
सपने सुहाने ...

हाँ ज़िंदगी एक सफ़र ...

ITRANS Song Book: 790.s

film: Chandrakantaa singer: Rafi
lyrics: Sahir music: N. Datta

(मैने चांद और सितारों की तमन्ना की थी
मुझको रातों की सियाही के सिवा कुछ न मिला) - २
मैने चांद सितारों ...

मैं वो नग़मा हूँ जिसे प्यार की महफ़िल न मिली
वो मुसाफ़िर हूँ जिसे कोई भी मन्ज़िल न मिली
ज़ख्म पाएं हैं बहारों की तमन्ना की थी
मैने चांद सितारों ...

किसी गेसू किसी आँचल का सहारा भी नहीं
रास्ते में कोई धुँधला सा सितारा भी नहीं
मेरी नज़रों ने नज़ारों की तमन्ना की थी
मैने चांद सितारों ...

मेरी राहों से जुदा हो गई राहें उनकी
आज बदली नज़र आती हैं निगाहें उनकी
जिससे इस दिल ने सहारों की तमन्ना की थी
मैने चांद सितारों ...

प्यार मांगा तो सिसकते हुए अरमान मिले
चैन चाहा तो उमड़ते हुए तूफ़ान मिले
डूबते दिल ने किनारों की तमन्ना की थी
मैने चांद सितारों ...

ITRANS Song Book: 791.s

film: Champakali singer: Lata
lyrics: Rajendra Krishan music: Hemant Kumar

छुप गया कोई रे, दूर से पुकार के
दर्द अनोखे हाय, दे गया प्यार के
छुप गया ...

आज हैं सूनी सूनी, दिल की ये गलियाँ
बन गई काँटे मेरी, खुशियों की कलियाँ
प्यार भी खोया मैने, सब कुछ हार के
दर्द अनोखे हाय, दे गया प्यार के
छुप गया ...

अँखियों से नींद गई, मनवा से चैन रे
छुप छुप रोए मेरे, खोए खोए नैन रे
हाय यही तो मेरे, दिन थे सिंगार के
दर्द अनोखे हाय, दे गया प्यार के
छुप गया ...

ITRANS Song Book: 792.s

film: Aamrapali singer: Lata
lyrics: Shailendra music: Shankar, Jaikishan

जाओ रे, जोगी तुम जाओ रे
ये है प्रेमियों की नगरी
यहां प्रेम ही है पूजा
जाओ रे ...

प्रेम की पीड़ा सच्चा सुख है
प्रेम बिना ये जीवन दुख है - २
जाओ रे ...

जीवन से कैसा छुटकारा
है नदिया के साथ किनारा - २
जाओ रे ...

ज्ञान कि तो है सीमा ज्ञानी
गागर में सागर का पानी - २
जाओ रे ...

ITRANS Song Book: 793.s

film: Barsaat singer: Lata
lyrics: Hasrat Jaipuri music: Shankar, Jaikishan

ओ ओ ओ ओ मुझे किसी से प्यार हो गया - २
प्यार हो गया दिल बेक़रार हो गया, बेक़रार हो गया
ओ ओ ओ ओ मुझे ...

दर्द चाहा था हमने छिपाना
खुल गया फिर भी दिल का फ़साना
दिल ने ये क्या किया, ओ सलोने पिया,

रफ़ी: मुझे प्यार की ज़िन्दगी देने वाले
कभी ग़म न देना, खुशी देने वाले
मुझे प्यार की ज़िन्दगी देने वाले

(मुहब्बत के वादे, भुला तो न दोगे
कहीं मुझसे दामन, छुड़ा तो न दोगे) - २
मेरे दिल की दुनिया, है तेरे हवाले
मुझे प्यार की ...

आशा: ज़माने में तुमसे, नहीं कोई प्यारा
ये जाँ भी तुम्हारी, ये दिल भी तुम्हारा
जो न हो यकीं तो, कभी आज़मा ले
मुझे प्यार की ...

रफ़ी: भरोसा है हमको, मुहब्बत पे तेरी
आशा: तो फिर हँसके देखो, निगाहों में मेरी
रफ़ी: ये डर है ज़माना, जुदा कर न डाले
दोनो: मुझे प्यार की ...

film: Waris singer: Lata, Vinod Rathod (?)
lyrics: music: Uttam, Jagdish (?)

ल:
मेरे प्यार की उमर हो इतनी सनम
तेरे नाम से शुरू, तेरे नाम पे खतम
तेरी खुशी से है, खुशी, तेरे ग़म से है ग़म,
तेरे नाम ...

मेरे सपने गुलाबी नींदें हो गई जवाँ - २
लो आके तेरी बाहों में, हो, लो आके तेरी बाहों में
मैं खो गई कहाँ
वि:
हाज़िर है जान, जान-ए-मन, जान की क़सम,
तेरे नाम ...

बिना तेरे इक पल भी मुझे रहा नहीं जाए - २
ये दूर दूर रहना ...
अब सहा नहीं जाए
ल:
तेरी प्यार भरी बाहों में ही निकलेगा दम,
तेरे नाम ...

film: Ijaazat singer: Asha
lyrics: Gulzar music: R.D. Burman

कतरा कतरा मिलती है
कतरा कतरा जीने दो
ज़िन्दगी है, बहने दो
प्यासी हूँ मैं प्यासी रहने दो

तुमने तो आकाश बिछाया
मेरे नंगे पैरों में ज़मीन है
देखे तो तुम्हारी आरज़ू है
शायद ऐसे ज़िन्दगी हसीन है
आरज़ू में बहने दो
प्यासी हूँ मैं प्यासी रहने दो

film: Andaaz singer: Kishore
lyrics: Shailendra music: Shankar, Jaikishan

(ज़िंदगी एक सफ़र है सुहाना
यहाँ कल क्या हो किसने जाना) - २

(हँसते गाते जहाँ से गुज़र
दुनिया की तू परवाह न कर) - २
मुस्कुराते हुए दिन बिताना
यहाँ कल क्या हो किसने जाना
हाँ ज़िंदगी एक सफ़र ...

(मौत आनी है आएगी इक दिन
जान जानी है जाएगी इक दिन) - २
ऐसी बातों से क्या घबराना
यहाँ कल क्या हो किसने जाना
हाँ ज़िंदगी एक सफ़र ...

(चाँद तारों से चलना है आगे
आसमानों से बढ़ना है आगे) - २
पीछे रह जाएगा ये ज़माना
यहाँ कल क्या हो किसने जाना

film: C.I.D. (1956) singer: Rafi, Geeta Dutt
lyrics: Jaan Nisar Akhtar music: O.P. Nayyar

र: (आँखों ही आँखों में इशारा हो गया
बैठे बैठे जीने का सहारा हो गया) - २
आँखों ही आँखों में ...

गी: गाते हो गीत क्यूँ, दिल पे क्यूँ हाथ है
खोए हो किस लिये, ऐसी क्या बात है
ये हाल कब से तुम्हारा हो गया

र: आँखों ही ... - २

गी: चलते हो झूम के, बदली है चाल भी
नैंनों में रंग है, बिखरे हैं बाल भी
किस दिलरुबा का नज़ारा हो गया

र: आँखों ही ... - २

गी: अब ना वो ज़ोर है, अब ना वो शोर है
हमको है सब पता, दिल में क्या चोर है
ये चोर कब से गवारा हो गया

र: आँखों ही ... - २

गी: कैसा ये प्यार है, कैसा ये नाज़ है
हम भी तो कुछ सुनें, हमसे क्या राज़ है
अच्छा तो ये दिल हमारा हो गया

र: आँखों ही ... - २

film: Kaala Paani singer: Rafi
lyrics: Majrooh Sultanpuri music: S.D. Burman

हम... आ... चले गये
हम बेखुदी में तुमको पुकारे चले गये
हम...
हम बेखुदी में तुमको पुकारे चले गये
सागर में ज़िन्दगी को उतारे चले गये
हम...

देखा किये तुम्हें हम, बनके दीवाना - २
उतरा जो नशा तो, हमने ये जाना
सारे वो ज़िन्दगी के सहारे चले गये
हम बेखुदी में तुमको पुकारे चले गये
हम...

तुम तो ना कहो हम, खुद ही से खेले - २
डूबे नहीं हम ही यूँ, नशे में अकेले
शीशे में आपको भी उतारे चले गये
हम बेखुदी में तुमको पुकारे चले गये
सागर में ज़िन्दगी को उतारे चले गये
हम...

film: Haqeekat singer: Rafi
lyrics: Kaifi Azmi music: Madan Mohan

मैं ये सोचकर उसके दर से उठा था
के वो रोक लेगी मना लेगी मुझको

हवाओं में लहराता आता था दामन
के दामन पकड़कर बिठा लेगी मुझको

कदम ऐसे अंदाज़ से उठ रहे थे
के आवाज़ देकर बुला लेगी मुझको

मगर उसने रोका
न उसने मनाया
न दामन ही पकड़ा
न मुझको बिठाया
न आवाज़ ही दी
न वापस बुलाया

मैं आहिस्ता आहिस्ता बढ़ता ही आया
यहाँ तक के उससे जुदा हो गया मैं ...

film: Pyar Ka Saagar singer: Rafi and Asha
lyrics: Prem Dhawan music: Ravi

माँग लूँगा मैं तुझे आसमाँ से
छीन लूँगा तुझे इस जहाँ से
तू हाँ कर या ...

ITRANS Song Book: 780.s

film: Darr singer: Lata, Hariharan lyrics: music:

ह/ल: लिखा है ये इन हवाओं पे
लिखा है ये इन घटाओं पे
तू है मेरे लिये, मैं हूँ तेरे लिये -२

ह: इश्क़ की हसीन दास्तान से, हम उतर के आये आसमान से
ल: ये समाँ ये प्यार की कहानियाँ, मिल रही हैं आज दो जवानियाँ
पहली मुहब्बत की राहों पे
ह,ल: लिखा है ये इन ...

ह: यूँ ही ज़रा तू मुस्कुरा, शरमा के आँचल मुँह में दबा
ज़ुल्फों का तू घूंघट हटा, ये खूबसूरत चेहरा दिखा
इस नाज़ से इठलाते हुए, चलके ज़रा मेरे पास आ
कि आशिक़ हूँ मैं इन अदाओं पे
ल: लिखा है ये इन ...

ह: आओ कह दें आज इस जहान से
हम गुज़र के जी से और जान से
ल: प्यार की हसीन जीत हार में
दिल है चीज़ क्या कि मैंने प्यार में
सर रख दिया तेरे पाँव में
ह/ल: लिखा है ये इन ...

ITRANS Song Book: 781.s

film: Darr singer: Lata, Udit Narayan lyrics: music:

उ: (तू मेरे सामने, मैं तेरे सामने
तुझको देखूँ या प्यार करूँ) -२
ये कैसे हो गया, तू मेरी हो गई
कैसे मैं एतबार करूँ
तू मेरे सामने ...

ल: (टूट गई टूट के मैं चूर हो गई
तेरी ज़िद से मजबूर हो गई) -२
तेरा जादू चल गया, ओ जादूगर
टूट गई टूट के ...
उ: तू मेरे सामने ...

उ: (तेरी ज़ुल्फ़ों से खेलूँगा मैं
तुझको बाहों में ले लूँगा मैं) -२
दिल तो देते हैं आशिक़ सभी
जान भी तुझको दे दूँगा मैं
ल: (मेरे होंठों से गुलाब मांग ले
मेरी आँखों से शराब मांग ले) -२
तेरा जादू चल गया, ओ जादूगर
टूट गई टूट के ...
उ: तू मेरे सामने ...

उ: (इस कहानी के सौ साल हैं
इस जवानी के सौ साल हैं) -२
ये तेरे प्यार के चार पल
ज़िन्दगानी के सौ साल हैं
ल: (एक बार नहीं सौ बार कर ले
जी भर के तू मुझे प्यार कर ले) -२
तेरा जादू चल गया ...

ITRANS Song Book: 782.s

film: Adaalat singer: Lata
lyrics: Rajendra Krishan music: Madan Mohan

उनको ये शिकायत है के हम, (कुछ नहीं कहते - २)
अपनी तो ये आदत है के हम, (कुछ नहीं कहते - २)

मजबूर बहौत करता है ये, (दिल तो ज़ुबां को - २)
कुछ ऐसी ही हालत है के हम, (कुछ नहीं कहते - २)
अपनी तो ये आदत ...

कहने को बहौत कुछ था अगर, (कहनेपे आते - २)
दुनिया की इनायत है के हम, (कुछ नहीं कहते - २)
अपनी तो ये आदत ...

कुछ कहनेपे तूफ़ान (उठा लेती है दुनिया - २)
अब इसपे क़यामत है के हम, (कुछ नहीं कहते - २)
अपनी तो ये आदत ...

बैय्यां पकड़ हर लीन्हीं रे मोसे नैना मिलाइ के

खुसरो निज़ाम के बल बल जइय्यां
मोहे सुहागन दीन्ही रे मोसे नैना मिलाइ के

ITRANS Song Book: 776.s

film: Nazraana (?) singer: lyrics: music:

मैं दिल तू धड़कन
तुझसे मेरा जीवन
चाँद के जैसा
टूट जाऊँ मैं
तू मेरा धड़कन
मैं दिल तू धड़कन

तू ही खिलौना, तू ही साथी, तू ही यार मेरा
एक ये चेहरा, ये दो बाहें, ये संसार मेरा (२)
तुझको ही देखा है सपने, तू मेरा धड़कन
मैं दिल तू धड़कन

तेरे दम से खुली हुई है साँसों की ये खड़ी (?)
तुझसे बिछड़के जी न सकूंगा मैं तो एक घड़ी (२)
मेरे जीवन के ये दीपक, तुझसे ही रोशन
मैं दिल तू धड़कन...

ITRANS Song Book: 777.s

film: Door Ka Raahi singer: Hemant Kumar
lyrics: music: Kishore Kumar

चलती चली जाए, ज़िन्दगी की डगर
कभी खत्म ना हो, ये सफ़र
मन्ज़िल की उसे, कुछ भी ना खबर
फिर भी चला जाए, दूर का राही
दूर का राही (२) ...

मुड़ के ना देखे, कुछ भी ना बोले
भेद अपने दिल का, राही ना खोले
आया कहाँ से, किस देश का है
कोई ना जाने, क्या ढूंढता है
मन्ज़िल की उसे ...

झलके ना कुछ भी, आशा निराशा
क्या कोई समझे, नैनों की भाषा
चेहरा कि जैसे, कोरा सफ़ा है
क़िस्मत ने जिस पर, कुछ ना लिखा है
मन्ज़िल की उसे ...

ITRANS Song Book: 778.s

film: Door Ka Raahi singer: Kishore
lyrics: music: Kishore Kumar

खुशी दो घड़ी की, मिले ना मिले
शमा आरज़ू की, जले ना जले
खुशी दो घड़ी की ...

रहगुज़र में कई मन्ज़िलें भी मिलें (२)
देख कर एक पल, दम लिया फिर चले
खुशी दो घड़ी की ...

हर कदम पर नए महेले थे खड़े (२)
हम चले दिल चला, दिल चला हम चले
खुशी दो घड़ी की ...

ITRANS Song Book: 779.s

film: Darr singer: Udit Narayan lyrics: music:

जादू तेरी नज़र, खुशबू तेरा बदन (२)
तू हाँ कर या ना कर (२)
तू है मेरी किरन (२)
जादू तेरी नज़र ...

(मेरे ख्वाबों की तस्वीर है तू
बेखबर मेरी तक़दीर है तू) - २
तू किसी और की हो ना जाना
कुछ भी कर जाऊँगा मैं दीवाना
तू हाँ कर या ...

(फ़ासले और कम हो रहें हैं
दूर से पास हम हो रहें हैं) - २

(मेरे अच्छे थे करम
जो मुलाकात हुई
मेहरबान हुस्न हुआ
क्या अजब बात हुई) - (२)
देखा है ...

(मैं ने सोचा भी ना था
मुझको मिल जायेगी तू
जैसे लहराये सबाह
वैसे लहरायेगी तू) - (२)
देखा है ...

ITRANS Song Book: 773.s

film: Do Dooni Chaar singer: Kishore
lyrics: Gulzar music: Hemant Kumar

हवाओं पे लिख दो हवाओं के नाम
हम अनजान परदेसियों का सलाम
हवाओं पे लिख दो ...

शाख पर जब, धूप आई, हाथ छूने के लिये - २
छाँव छम से, नीचे कूदी, हँस के बोली आइये
ये भोले से चेहरे हैं मासूम नाम
हवाओं पे लिख दो ...

चुलबुला ये, पानी अपनी, राह बहना भूलकर
लेते लेते, आइना चमका रहा है फूल पर
यहाँ सुबह से खेला करती है शाम
हवाओं पे लिख दो ...

ITRANS Song Book: 774.s

film: Sharaabi singer: Kishore, Lata
lyrics: music: Bappi Lahiri

किशोर: इन्तहा हो गई, इन्तज़ार की
आई न कुछ खबर, मेरे यार की
ये हमें है यक़ीं, बेवफ़ा वो नहीं
फिर वजह क्या हुई, इन्तज़ार की, इन्तहा हो...

बात जो है उसमें बात वो यहाँ कहीं नहीं किसी में
वो है मेरी, बस है मेरी, शोर है यही गली गली में
साथ साथ वो है मेरे ग़म में मेरे दिल की हर खुशी में
ज़िन्दगी में वो नहीं तो कुछ नहीं है मेरी ज़िन्दगी में
बुझ न जाये ये शमा, ऐतबार की
इन्तहा हो...

लता: ओ, मेरे सजना, लो मैं आ गई
ओ, लोगों ने दिये होंगे बड़े बड़े नज़राने
लाई हूं मैं तेरे लिये दिल मेरा
दिल यही मांगे दुआ हम न कभी होंगे जुदा
मेरा है मेरा है वोही दिल तेरा
ये मेरी ज़िन्दगी है तेरी (२)
ला ला...

किशोर: ग़म के अंधेरे ढले, ???? ?? ?????? ???
देखा तुझे तो दिलों में जान आई
होठों पे तराने जगे, अरमान दीवाने लगे (?)
बाहों में आके तू ऐसे शरमाई
छा गई फिर वोही बेखुदी **(or is it ye khushi?)**
ला ला...

दोनो: ला ला...

ITRANS Song Book: 775.s

film: singer: Nusrat Fateh Ali Khan (Qawaali)
lyrics: music:

आ पिया इन नैनन में जो पलक ढांप तोहे लूँ
न मैं देखूँ गैर को न तोहे देखन दूँ
काजर डारूँ किरकिरा जो सुरमा दिया न जाये
जिन नैनन में पी बसे तो दूजा कौन समाये

छाप तिलक सब छीनी रे मोसे नैना मिलाइ के

प्रेमपति का मदवा पिलाइ के
मतवारी कर दीन्हीं रे मोसे नैना मिलाइ के

बल बल जाऊँ मैं तोरे रंग रजवा
अपनी सी रंग दीन्हीं रे मोसे नैना मिलाइ के
गोरी गोरी बैय्यां हरी हरी चूड़ियां

किशोर: इतनी सी छोटी सी होती है एक चिंगारी - २
जल जाती है, फुंक जाती है, जिस में दुनिया सारी
चाँदनी रातों में
लता: रातों में
किशोर: एक दीपक होता है
लता: होता है
किशोर: एक बाती होती है
कभी दोनो जलते हैं, कभी दोनो बुझते हैं
लता: प्रेम कहानी में
एक लड़का होता है
किशोर: एक लड़की होती है
दोनो: कभी दोनो हँसते हैं, कभी दोनो रोते हैं

लता: झूमके परबत पे रिमझिम जब आता है सावन - २
सावन में प्रेमी पागल हो जाते हैं साजन
इन बरसातों में
किशोर: **hmmm**
लता: एक बादल होता है
किशोर: **hmmm**
लता: एक बिजली होती है
कभी दोनो तरसते हैं, कभी दोनो बरसते हैं
किशोर: प्रेम कहानी में
एक लड़का होता है
लता: एक लड़की होती है
दोनो: कभी दोनो हँसते हैं, कभी दोनो रोते हैं

किशोर: साथ मिलन के नाम जुदाई का लिखा है ऐसा
लता: ये जीवन भी खेल तमाशा है एक नाटक जैसा
जैसे नाटक में
किशोर: हो राजा होता है
लता: **hmmm** रानी होती है
दोनो: कभी दोनो मिलते हैं, कभी दोनो बिछड़ते हैं

लता: प्रेम कहानी में
एक लड़का होता है
किशोर: एक लड़की होती है
दोनो: कभी दोनो हँसते हैं, कभी दोनो रोते हैं

film: Gateway of India singer: Rafi, Asha
lyrics: Rajinder Krishan music: Madan Mohan

रफ़ी : दो घड़ी वो जो पास आ बैठे
हम जमाने से दूर जा बैठे

आशा : दो घड़ी वो जो पास आ बैठे
हम जमाने से दूर जा बैठे

आशा : (दिलको एक दिन ज़रुर जाना था
वही पहुँचा जहां ठिकाना था) - २
हाय क्या चीज थी लुटा बैठे

दो घड़ी वो जो पास आ बैठे
हम जमाने से दूर जा बैठे

रफ़ी : (एक दिल ही था ग़मगुसार अपना
मेहरबां, खास राज़दार अपना) - २
गैर का क्यूँ इसे बना बैठे

आशा : (गैर भी तो कोई हसीं होगा
दिल यूँ ही दे दिया नहीं होगा) - २
बात क्या थी जो चोट खा बैठे

दो घड़ी वो जो पास आ बैठे
हम जमाने से दूर जा बैठे

film: Pyar hi Pyar singer: Rafi
lyrics: Hasrat Jaipuri music: Shankar, Jaikishan

देखा है तेरी आँखों में प्यार ही प्यार बेशुमार (२)
पाया है तेरी बातों में प्यार ही प्यार बेशुमार
देखा है तेरी आँखों में

(ए बहारों की परी
ये है तक़दीर मेरी
जो भी समझा है मुझे
वो इनायत है तेरी) - (२)
देखा है ...

film: Mr. and Mrs. 55 (1955) singer: Geeta Dutt, ?
lyrics: Majrooh music: O.P. Nayyar

(ठंडी हवा, काली घटा, आ ही गई झूम के
प्यार लिये डोले हँसी नाचे जिया घूम के) - २

बैठी थी चुपचाप यूँही दिल की कली चुन के मैं - २
दिल ने ये क्या बात कही रह न सकी सुन के मैं
मैं जो चली
मैं जो चली दिल ने कहा और ज़रा झूम के
प्यार लिये डोले हँसी नाचे जिया घूम के
ठंडी हवा, काली घटा ...

आज तो मैं अपनी छवी देख के शरमा गई - २
जाने ये क्या सोच रही थी के हँसी आ गई
लोट गई
लोट गई ज़ुल्फ़ मेरी होंठ मेरा चूम के
प्यार लिये डोले हँसी नाचे जिया घूम के
ठंडी हवा, काली घटा ...

दिल का हर एक तार हिला छेड़ने लगी रागनी - २
कजरा भरे नैन लिये बन के चलूँ कामनी
कह दो कोई
कह दो कोई आज घटा बरसे ज़रा झूम के
प्यार लिये डोले हँसी नाचे जिया घूम के
ठंडी हवा, काली घटा ...

film: Ham Kisise Kam Nahin singer: Rafi, Kishore
lyrics: music: R.D. Burman

चाँद मेरा दिल, चाँदनी हो तुम
चाँद से है दूर, चाँदनी कहाँ
लौट के आना, है यहीं तुमको
जा रहे हो तुम, जाओ मेरी जां

वैसे तो हर क़दम, मिलेंगे लोग सनम
मिलेगा सच्चा प्यार मुश्किल से
दिल की दोस्ती, खेल नहीं कोई
दिल से दिल है मिलता यार मुश्किल से
यही तो है सनम, प्यार का ठिकाना
मैं हूँ, मैं हूँ, मैं हूँ ...
चाँद मेरा दिल ...

आ, दिल क्या, महफ़िल है तेरे
क़दमों में आ, दिल क्या, महफ़िल है तेरे

दुनिया की बहारें तेरे लिये
चाँद सितारे तेरे लिये, ओ ...
जाने अदा, हो हो हो, जाने वफ़ा
जाने वफ़ा, तुझपे मैं फ़िदा, हो हो हो
जाने वफ़ा, तुझपे मैं फ़िदा

हो, आ, दिल क्या, महफ़िल है तेरे
क़दमों में आ, दिल क्या, महफ़िल है तेरे

दुनिया ...
आ, दिल क्या ...

film: Prem Kahaani singer: Kishore, Lata
lyrics: Anand Bakshi music: Laxmikant, Pyarelal

किशोर: एक कहानी
जब आती है रुत पे जवानी
तब बनती है प्रेम कहानी
प्रेम कहानी में
एक लड़का होता है
एक लड़की होती है
कभी दोनो हँसते हैं, कभी दोनो रोते हैं

लता: प्रेम कहानी में
एक लड़का होता है
एक लड़की होती है
कभी दोनो हँसते हैं, कभी दोनो रोते हैं

किशोर: प्रेम कहानी में
एक लड़का होता है
लता: एक लड़की होती है
दोनो: कभी दोनो हँसते हैं, कभी दोनो रोते हैं

कुछ मज़ा आने लगा जीने में
जाग उठा दर्द कोई सीने में
मेरे एहसास के आइने में
इक साया नजर आता है कोई
किसका साया है, मुझे क्या मालूम
आज की काली घटा ...

ज़िन्दगी पहले ना थी इतनी हसीन
और अगर थी तो मुझे याद नहीं
यही अफ़साना ना बन जाये कहीं
कुछ निगाहों से सुनाता है कोई
क्या सुनाता है, मुझे क्या मालूम
आज की काली घटा ...

ITRANS Song Book: 766.s

film: 1942 A love Story singer: Kumar Sanu, Lata
lyrics: Javed Akhtar music: R.D. Burman

कुछ ना कहो, कुछ भी ना कहो
क्या कहना है, क्या सुनना है
मुझको पता है, तुमको पता है
समय का ये पल, थम सा गया है
और इस पल में कोई नहीं है
बस एक मैं हूँ बस एक तुम हो

शानू:
कितने गहरे हल्के, शाम के रंग हैं छलके
पर्वत से यूँ उतरे बादल जैसे आँचल ढलके
सुलगी सुलगी साँसें बहकी बहकी धड़कन
महके महके शाम के साये, पिघले पिघले तन मन

लता:
खोए सब पहचाने खोए सारे अपने
समय की छलनी से गिर गिरके, खोए सारे सपने
हमने जब देखे थे, सुन्दर कोमल सपने
फूल सितारे पर्वत बादल सब लगते थे अपने

ITRANS Song Book: 767.s

film: singer: lyrics: Narasi Mehta music:

दरशन दो घनश्याम नाथ मोरी, अँखियाँ प्यासी रे
मन मंदिर की ज्योति जगादो, घट घट बासी रे

मंदिर मंदिर मूरत तेरी
फिर भी ना दीखे सूरत तेरी
युग बीते ना आई मिलन की
पूरणमासी रे ...

द्वार दया का जब तू खोले
पंचम सुर में गूंगा बोले
अंधा देखे लंगड़ा चल कर
पहुँचे कासी रे ...

पानी पी कर प्यास बुझाऊँ
नैनों को कैसे समझाऊँ
आँख मिचौली छोड़ो अब
मन के बासी रे ...

निर्बल के बल धन निर्धन के
तुम रख वाले भक्त जनों के
तेरे भजन में सब सुख पाऊँ
मिटे उदासी रे ...

नाम जपे पर तुझे ना जाने
उनको भी तू अपना माने
तेरी दया का अंत नहीं है
हे दुख नाशी रे ...

आज फैसला तेरे द्वार पर
मेरी जीत है तेरी हार पर
हार जीत है तेरी मैं तो
चरण उपासी रे ...

द्वार खड़ा कब से मतवाला
मांगे तुम से हार तुम्हारी
नरसी की ये बिनती सुनलो
भक्त विलासी रे ...

लाज ना लुट जाये प्रभु तेरी
नाथ करो ना दया में देरी
तीन लोक छोड़ कर आओ
गंगा निवासी रे ...

मीठी मीठी नींद में, सो रहा जहान है
सो रहा जहान है
आज आधी रात को, क्यों जगा गया कोई
झूमती चली हवा ...

film: Dil singer: Anuradha Paudwal, Udit Narayan
lyrics: Sameer music: Anand Milind

उ: (हम प्यार करनेवाले
दुनिया से ना डरनेवाले) - २
(यार जलने वालों को जलाएंगे
प्यार में जियेंगे मर जाएंगे) - २

अ: हम प्यार करनेवाले
दुनिया से ना डरनेवाले - २
(यार जलने वालों को जलाएंगे
प्यार में जियेंगे मर जाएंगे) - २

उ: (रोक सके जो दिलवालों को
ऐसी कोई जेल नहीं) - २

अ: (दिल का लगाना इस दुनिया में
लोगों, कोई खेल नहीं) - २

उ: बांधा है किसने पागल हवा को?
अ: रोका है किसने उड़ती घटा को?

दोनो: तोड़के पिंजड़ा उड़ जाएंगे
हाथ नहीं हम आएंगे

उ: यार जलने वालों को जलाएंगे
प्यार में जियेंगे मर जाएंगे
अ: यार जलने वालों को जलाएंगे
प्यार में जियेंगे मरजाएंगे

अ: (लैला नहीं हम, मजनू नहीं हम
ज़ुल्म और सितम जो हसके सहें) - २

उ: (रोके किसेके हम तो रुके ना
अपना मिलन तो होके रहें) - २

अ: प्यार किया है प्यार करेंगे
उ: हम तो ज़माने से ना डरेंगे

दोनो: अपनी मोहब्बत की ताकत से
दुनिया को झुकाएंगे

अ: यार जलने वालों को जलाएंगे
प्यार में जियेंगे मर जाएंगे
उ: यार जलने वालों को जलएंगे
प्यार में जियेंगे मर जाएंगे

अ: हम प्यार करनेवाले
उ: दुनिया से ना डरनेवाले
अ: दुनिया से ना डरनेवाले

दोनो: यार जलने वालों को जलाएंगे
प्यार में जियेंगे मर जाएंगे
यार जलने वालों को जलाएंगे
प्यार में जियेंगे मर जाएंगे

film: Uski Kahaani singer: Geeta Dutt
lyrics: Kaifi Azmi music: Kanu Roy

आज की काली घटा, मस्त-मस्त आली घटा
मुझसे कहती है कि प्यास है कोई
कौन प्यास है, मुझे क्या मालूम
आज की काली घटा ...

प्यास के नाम से जी डरता है
इस इल्ज़ाम से जी डरता है
शौक-ए-बदन से जी डरता है
मीठी नज़रों में समाया है कोई
क्यूँ समाया है, मुझे क्या मालूम
आज की काली घटा ...

प्यासी आँखों में मुहब्बत लेके
लड़खड़ा जाने की दाग़त ??? लेके
मुझसे बेवजह शिकायत लेके
विनती दहलीज़ तक आया है कोई
कौन आया है, मुझे क्या मालूम
आज की काली घटा ...

film: Nau Do Gyaarah singer: Kishore
lyrics: Majrooh Sultanpuri music: S.D. Burman

हम हैं राही प्यार के, हमसे कुछ न बोलिये - ३
जो भी प्यार से मिला, हम उसी के हो लिये - २
हम उसी के हो लिये
जो भी प्यार से मिला, हम उसी के हो लिये

दर्द भी हमें क़ुबूल, चैन भी हमें क़ुबूल - २
हमनें हर तरह के फूल, हार में पिरो लिये, - २
जो भी प्यार से मिला ...

धूप थी नसीब में, तो धूप में लिया है दम - २
चाँदनी मिली तो हम, चाँदनी में सो लिये - २
जो भी प्यार से मिला ...

दिल पे आसरा किये, हम तो बस यूँहीं जिये - २
एक कदम पे हँस लिये, एक कदम पे रो लिये - २
जो भी प्यार से मिला ...

राह में पड़ें हैं हम, कबसे आप की क़सम - २
देखिये तो कम से कम, बोलिये ना बोलिये - २
जो भी प्यार से मिला ...

हम हैं राही प्यार के, हमसे कुछ न बोलिये
जो भी प्यार से मिला, हम उसी के हो लिये

film: Prem Geet singer: Jagjit, Chitra Singh
lyrics: music: Jagjit Singh

आओ मिल जाएं हम सुगंध और सुमन की तरह
एक हो जाएं चलो जान और बदन की तरह

१) दिल के मन्दिर में सजा रखी है मूरत तेरी
मेरे जीने की तो सूरत है ये सूरत तेरी
रात दिन साथ रहें सीने में धड़कन की तरह, आओ...

२) एक जीवन की खुशी तुमने दी इक इक पल में
भर दिया सारे जग का प्यार मेरे आँचल में
प्यार का एक भी पल प्यारा है जीवन की तरह, आओ...

film: Shalimar singer: Kishore
lyrics: Anand Bakshi music: R.D. Burman

हम बेवफ़ा हर्गिज़ न थे
पर हम वफ़ा कर ना सके
हमको मिली उसकी सजा
हम जो ख़ता कर ना सके

कितनी अकेली थी वो राहें हम जिनपर
अब तक अकेले चलते रहें
तुझसे बिछड़ के भी ओ बेखबर
तेरे ही ग़म में जलते रहें
तूने किया जो शिकवा
हम वो गिला कर ना सके

तुमने जो देखा सुना सच था मगर
इतना था सच ये किसको पता
जाने तुम्हे मैने कोई धोखा दिया
जाने तुम्हे कोई धोखा हुआ
इस प्यार में सच झूठ का
तुम फ़ैसला कर ना सके

film: Sangeet Samrat Tansen singer: Mukesh
lyrics: Shailendra music: S.N. Tripathi

झूमती चली हवा, याद आ गया कोई
बुझती बुझती आग को, फिर जला गया कोई
झूमती चली हवा ...

खो गई हैं मंज़िलें, मिट गये हैं रास्ते
गर्दिशें ही गर्दिशें, अब हैं मेरे वास्ते
अब हैं मेरे वास्ते
और ऐसे में मुझे, फिर बुला गया कोई
झूमती चली हवा ...

चुप हैं चाँद चाँदनी, चुप ये आसमान है

जब तक न मिले नज़रों से नज़र - २
इक़रार अधूरा रहता है
घूंघट की आड़ से दिलवर का

अलका: घूंघट की आड़ से दिलवर का
दीदार अधूरा रहता है
जब तक ना पड़े आशिक़ की नज़र
सिंगार अधूरा रहता है
घूंघट की आड़ से दिलवर का

शानू: दिलवर का दिलवर का दिलवर का
अलका: हां दिलवर का दिलवर का दिलवर का
शानू: दिलवर का दिलवर का दिलवर का
अलका: हों दिलवर का दिलवर का दिलवर का
शानू: हां दिलवर का दिलवर का दिलवर का
अलका: हां दिलवर का दिलवर का दिलवर का

film: Prem Geet singer: Anuradha Paudwal (?)
lyrics: Jagjit Singh music: Jagjit Singh

देख लो आवाज़ देकर पास अपने पाओगे
आओगे तन्हा मगर तन्हा नहीं तुम जाओगे

१) दूर रहकर भी तुम्हीं पे रहती है अपनी नजर
बाहों में हम थाम लेंगे जब भी ठोकर खाओगे, देख लो ...

२) लेना बदले में तुम्हारे गर खुदाई भी मिले
छोड़ देंगे दो जहां को जब भी तुम फ़रमाओगे देख लो ...

३) बेवफ़ाई भी करो तो माफ़ कर देंगे तुम्हें
हम ना वादों से फिरेंगे तुम अगर फिर जाओगे, देख लो ...

film: Khiladi singer: Abhijiit, Udiit Narayan, Kavitha Krishnamurthy, Sapna Mukherjee
lyrics: Raj music: Jatin, Lalit

जहाँ वो जायेगी, वहीं हम जायेंगे (२)

खुद को क्या समझती है कितना अकड़ती है
कौलेज में नयी नयी आयी एक लड़की है

हो यारों ये हमें लगती है सिरफ़िरी
आओ चखा दें मज़ा

तौबा तौबा ये अदा
दीवानी है क्या पता
पूछो ये किस बात पे इतना इतराती है
जाने किस की भूल है
ये गोभी का फूल है
बिल्ली जैसे लगती है मेकप जब करती है
गालों पे जो लाली है
होठों पे गाली है
ये जो नखरे वाली है
लड़की है या है बल

खुद को क्या समझता है कितना अकड़ता है
कौलेज का नया नया मजनू ये लगता है
हमसे हो गया अब इसका सामना
आओ चखा दें मज़ा

खुद ...

हमको देता है गुलाब नीयत इसकी है खराब
सावन के अँधे को तो हरियाली दिखती है
क्या इसको ये होश है ये धरती पर बोझ है
मर्द है ये सिर्फ़ नाम का आखिर किस काम का
चेहरा अब क्यों लाल है
बदली क्यों चाल है
अरे इतना अब क्यों बेहाल है
हम भी तो देखें ज़रा
खुद को क्या

हमसे आँखें चार करो छोड़ो गुस्सा प्यार करो
यारों के हम यार हैं लड़ना बेकार है

उलझन में ये पड़ गये शायद हम से डर गये
देंगे भर के प्यार के देखो ये हार के
प्यार कि ये रीत है हार भी जीत है

सबसे बढ़ कर प्रीत है

लगजा गले दिलरुबा

हुस्न अपना निखारे हुए
आ: ओ ऽ ऽ
ल: आसमान का फ़रिश्ता है वो
रूप इन्सान का धरे हुए
आ: ओ ऽ ऽ
ल: रश्क-ए-जन्नत है वो महज़बीं
रश्क-ए-जन्नत है वो महज़बीं, महज़बीं
मेरे महबूब में क्या नहीं, क्या नहीं

आ: आ ऽ ऽ
माह हो अन्जुम हो या कैकशां
सबसे प्यारा है मेरा सनम
ल: आ ऽ ऽ
आ: उसके जलवों में है वो असर
होश उड़ जाये अल्लाह क़सम
ल: आ ऽ ऽ
आ: देखले गर उसे तू कहीं
देखले गर उसे तू कहीं, तू कहीं
मेरे महबूब में क्या नहीं, क्या नहीं
मेरे महबूब में क्या नहीं

ल: मेरा महबूब है जानेमन
करवा कदमाह रूह गुलबदन
आ: मेरा दिलवर है ऐसा जवान
हो बहारों में जैसे चमन
ल: उसकी चालों में ऐसी लचक
जैसे फूलों कि डाली हिले
आ: उसकी आवाज़ में वो खनक
जैसे शीशे से शीशा मिले
उसके अंदाज़ है दिलनशीं
दोनो: भोली सूरत अदा नाज़नीं, नाज़नीं
मेरे महबूब में क्या नहीं, क्या नहीं
मेरे महबूब में क्या नहीं

आ: तेरे अफ़सानों में मेरी जान
है झलक मेरी अफ़सानों कि
ल: दास्तानें है मिलती हुई
अल्लाह हम दोनो परवानों
दोनो: परवानों की
दोनो: एक ही शमा हो ना कहीं
वो तो लाखों में है एक हसीं, एक हसीं
मेरे महबूब में क्या नहीं, क्या नहीं
मेरे महबूब में क्या नहीं

film: Hum Hain Raahi Pyar Ke singer: Alka Yagnik, Kumar Sanu
lyrics: Sameer music: Nadeem Shravan

अलका: (घूंघट की आड़ से दिलवर का
दीदार अधूरा रहता है) - २
जब तक ना पड़े आशिक़ की नज़र - २
सिंगार अधूरा रहता है
घूंघट की आड़ से दिलवर का

शानू: घूंघट की आड़ से दिलवर का
दीदार अधूरा रहता है
जब तक ना मिले नज़रों से नज़र - २
इक़रार अधूरा रहता है
घूंघट की आड़ से दिलवर का

अलका: दिलवर का दिलवर का दिलवर का
शानू: दिलवर का दिलवर का दिलवर का

शानू: गोरे मुखड़े से घूंघटा हटाने दे
अलका: घड़ी अपने मिलन की तो आने दे
शानू: मेरे दिल पे नहीं मेरा काबू है
अलका: कुछ नहीं ये चाहत का जादू है
शानू: बढ़ती ही जाती हैं सनम प्यार की ये बेखुदी हो
अलका: दो प्रेमियों के ना मिलने से
संसार अधूरा रहता है
जब तक ना पड़े आशिक़ की नज़र - २
सिंगार अधूरा रहता है
घूंघट की आड़ से दिलवर का

शानू: दिलवर का दिलवर का दिलवर का
अलका: हां! दिलवर का दिलवर का दिलवर का

अलका: बाग में गुल का खिलना ज़रूरी है
शानू: हाँ मोहब्बत में मिलना ज़रूरी है
अलका: पास आने का अच्छा बहाना है
शानू: क्या करूं मैं कि मौसम दीवाना है
अलका: दिल मेरा धड़काने लगी अब तो ये दीवानगी हो
शानू: बिना किसी यार के जान-ए-जां
ये प्यार अधूरा रहता है

film: Roti Kapda aur Makaan singer:
lyrics: music: Laxmikant, Pyarelal

और नहीं बस और नहीं, ग़म के प्याले और नहीं
दिल में जगह नहीं बाकी, रोक नजर अपनी साकी तो
और नहीं बस ...

१) सपने नहीं यहां तेरे, अपने नहीं यहां तेरे
सच्चाई का मोल नहीं, चुप हो जा कुछ बोल नहीं
प्यार प्रीत चिल्लाएगा तो, अपना गला गँवाएगा
पत्थर रख ले सीने पर, क़समें खा ले जीने पर
गौर नहीं है और नहीं, परवानों पर गौर नहीं
आँसू आँसू ढलते हैं, अंगारों पर चलते हैं तो
और नहीं बस और नहीं ...

२) कितना पढ़ूँ ज़माने को, कितना गढ़ूँ ज़माने को
कौन गुणों को गिनता है, कौन दुखों को चुनता है
हमदर्दी काफ़ूर हुई, नेकी चकनाचूर हुई
जी करता बस खो जाऊँ, कफ़न ओढ़कर सो जाऊँ
दौर नहीं ये और नहीं, इन्सानों का दौर नहीं
फ़र्ज़ यहां पर फ़र्ज़ी है, असली तो खुदगर्ज़ी है तो
और नहीं बस और नहीं ...

३) बीमार हो गई दुनिया, बेकार हो गई दुनिया
मरने लगी शरम अब तो, बिकने लगे सनम अब तो
ये रात है नज़ारों की, गैरों के साथ यारों की
जी है बिगाड़ दूँ सारी, दुनिया उजाड़ दूँ सारी
ज़ोर नहीं है ज़ोर नहीं, दिल पे किसी का ज़ोर नहीं
कोई याद मचल जाए, सारा आलम जल जाए तो
और नहीं बस और नहीं ...

film: Mere Mehboob singer: Lata
lyrics: Shakeel Badayuni music: Naushad

मेरे महबूब तुझे मेरी मुहब्बत की कसम
फिर मुझे नर्गिसी आँखों का सहारा देदे
मेरा खोया हुआ रंगीन नज़ारा देदे
मेरे महबूब तुझे ...

ऐ मेरे ख़्वाब की ताबीर मेरी जान-ए-जिगर
ज़िन्दगी मेरी तुझे याद किये जाती है
रात दिन मुझको सताता है तस्सव्वुर तेरा
दिल की धड़कन तुझे आवाज़ दिये जाती है
आ मुझे अपनी सदाओं का सहारा देदे
मेरा खोया हुआ रंगीन नज़ारा देदे
मेरे महबूब तुझे ...

याद है मुझको मेरी उम्र की पहली वो घड़ी
तेरी आँखों से कोई जाम पिया था मैंने
मेरी रग-रग में कोई बर्क सी लहराई थी
जब तेरे मरमरी हाथों को छुआ था मैंने
आ मुझे फिर उन्हीं हाथों का सहारा देदे
मेरा खोया हुआ रंगीन नज़ारा देदे
मेरे महबूब तुझे ...

सामने आके ज़रा परदा उठादे रुख से
इक यही मेरा इलाज-ए-ग़म है
तेरी फ़ुरक़त ने परेशान किया है मुझको
अब तो मिल जा के मेरी जान पे बन आई है
दिल को भूली हुई यादों का सहारा दे दे
मेरा खोया हुआ रंगीन नज़ारा दे दे
मेरे महबूब तुझे ...

film: Mere Mehboob singer: Lata, Asha
lyrics: Shakeel Badayuni music: Naushad

ल: मेरे महबूब में क्या नहीं क्या नहीं
मेरे महबूब में क्या नहीं
वो तो लाखों में है एक हसीं
वो तो लाखों में है एक हसीं, एक हसीं

आ: मेरे महबूब में क्या नहीं, क्या नहीं
मेरे महबूब में क्या नहीं
भोली सूरत अदा नाज़नीं
भोली सूरत अदा नाज़नीं, नाज़नीं
मेरे महबूब में क्या नहीं, क्या नहीं
मेरे महबूब में क्या नहीं

ल: आ ऽ ऽ
मेरा महबूब एक चाँद है

दिल के गम आँसुओं में ढलते हैं
याद में तेरी जाग-जाग के हम ...

ITRANS Song Book: 751.s

film: Mere Mehboob singer: Lata
lyrics: Shakeel Badayuni music: Naushad

पास रहते हुए भी तुझसे बहुत दूर हैं हम
किस्सा-ए-दर्द सुनाते हैं के मजबूर हैं हम

तेरे प्यार में दिलदार जो है मेरा हाल-ए-इज़ार
कोई देखे या ना देखे अल्लाह देख रहा है
तेरे प्यार में दिलदार ...

जबसे तेरी याद मेरे दिल में समाई है
वल्लाह किसी रात मुझे नींद नहीं आई है
मीठा मीठा दर्द है, होंठों पे आहें सर्द हैं,
चेहरा भी मेरा ज़र्द है
ना जाने क्या रंग दिखाए तेरा इंतज़ार
तेरे प्यार में दिलदार ...

तू ही मेरी ज़िन्दगी है, तू ही मेरी जान है
मुझको तू मिल जाये मेरा यही एक अरमान है
तेरा मेरा साथ हो, कुछ दिल से दिल की बात हो,
जी भरके मुलाकात हो
नग़मे गाएं प्यार के मिलकर छेड़ें दिल के तार
तेरे प्यार में दिलदार ...

सदके तेरे जाऊं मेरा टूटा दिल जोड़ दे
नज़रों का हिजाब ज़रा नज़रों से ही तोड़ दे
आँखों से क्यूं दूर है, क्यूं मिलने से मजबूर है,
दिल मेरा ग़म से चूर है
यूंही तड़पे जाऊँगी जब तक ना होगा दीदार
तेरे प्यार में दिलदार ...

ITRANS Song Book: 752.s

film: Mukaddar Ka Sikandar singer: Asha, Lata, Mahendra Kapoor
lyrics: Anjaan music: Kalyanji, Anandji

प्यार ज़िन्दगी है, प्यार बंदगी है, बंदगी है
यहल्ला यहल्ला ऊ या अल्लाह
प्यार से प्यार करो ये उम्र प्यार की है
प्यार बिना क्या जीना, ये भी कोई ज़िन्दगी है, प्यार...

१) प्यार करम प्यार दुआ, प्यार सितम प्यार वफ़ा
प्यार से जुदा तो यहां कोई नहीं कोई नहीं
प्यार खुशी प्यार नशा, क्या वो नजर क्या वो अदा
हो किसी के प्यार में जो कोई नहीं कोई नहीं
दिल को लगा के देखो प्यार में क्या खुशी है
प्यार बिना क्या जीना ये भी कोई ज़िन्दगी है, प्यार...

२) दूर रहे पास रहे, दिल में तेरे प्यास रहे
तेरे लिये मैं हूँ तू है मेरे लिये मेरे लिये
प्यार सनम प्यार खुदा, यार कभी हो ना जुदा
यार बिना कोई यहां कैसे जिये कैसे जिये
बाहों में यार के ही दुनिया बहार की है, प्यार...

३) देख हमें कोई जले, कोई जले हाथ मले
तू जो मेरे साथ चले लोगों से क्या डरना यहां
प्यार यहां जो ना करे, ख़ाक जिये ख़ाक मरे
यार मेरे तेरे लिये जीना यहां मरना यहां
मरके भी ना मिटे जो ये वो दीवानगी है, प्यार...

ITRANS Song Book: 753.s

film: singer: Kishore lyrics: music:

ये मेरा जीवन तेरे लिये है
जीवन का सपना तेरे लिये है
माँग ले हँसके क्या चाहिये तुझे
मेरी तो दुनिया तेरे लिये है

१) डाली पे बैठी छोटी सी चिड़िया
कांधे पे मेरे नन्ही सी गुड़िया
चिड़िया से भी सुन्दर मेरी गुड़िया, ये मेरा ...

२) देखा था सपना जो ज़िन्दगी का
ये भी तो वैसा ही दिन है खुशी का
जीने का ढंग तुझसे मैंने सीखा, ये मेरा ...

३) मानो बदल जाए दोनों की मंज़िल
फिर भी रहेगा साथ मेरा दिल
चाहेंगे तो मिलना नहीं मुश्किल, ये मेरा ...

ये तो बताओ हमको - २

नूः डूब मरो

किशोरः डूबेगा नहीं तैरेगा,
प्यार से हम नहीं डरेगा,
चाहे ये ज़माना कहे,
हमको दीवाना अजी
हम तो मोहब्बत करेगा,
दुनिया से नहीं डरेगा
चाहे ये जमाना कहे,
हमको दिवाना अजी
हम तो मोहब्बत करेगा

ड ड ड ड डडड
हम तो मोहब्बत करेगा
ड ड ड ड डडड . . .

ITRANS Song Book: 749.s

film: Maryada singer: Kishore
lyrics: Anand Bakshi music: Kalyanji, Anandji

ग ग ग ग ग गुस्सा ऽ ऽ ऽ !!
गुस्सा इतना हसीन है तो प्यार कैसा होगा?
ओ प्यार कैसा होगा।
अरे ऐसा जब इनकार है तो इक़रार कैसा होगा?
इक़रार कैसा होगा

(यौंड्लिंग)

पलकें!! पलकें उठी हुई सी हैं,
आंखें झुकी हुई सी हैं (२)
दिलकश रसीले होठों पे, बातें रुकी हुई सी हैं।
खामोशी!! खामोशी ऐसी है तो इज़हार कैसा होगा?
इज़हार कैसा होगा।
ग ग गुस्सा इतना हसीन है तो प्यार कैसा होगा?
ओ प्यार कैसा होगा।

जान, काजल अगर लगा लेती, पागल हमें बना देती (२)
बिंदिया अगर लगा लेती, घायल हमें बना देती
सादगी!! सादगी में हुस्न है, सिंगार कैसा होगा?
सिंगार कैसा होगा।
अरे गुस्सा इतना हसीन है तो, प्यार कैसा होगा?
ओ प्यार कैसा होगा।

(यौंड्लिंग)

देखूं!! देखूं अगर तो घबराये,
छूलूं अगर तो शरमाये (२)
छेड़ूं ज़रा सा तो!! हाय!! मारे शरम के मर जाये
तौबा तौबा! तौबा! तौबा ऐसा शर्मीला दिलदार कैसा होगा?
दिलदार कैसा होगा
ग ग गुस्सा इतना हसीन है तो, प्यार कैसा होगा?
ओ प्यार कैसा होगा ऽ ऽ!!

ITRANS Song Book: 750.s

film: Mere Mehboob singer: Lata
lyrics: Shakeel Badayuni music: Naushad

याद में तेरी जाग-जाग के हम
रात भर करवटें बदलते हैं
हर घड़ी दिल में तेरी उल्फ़त के
धीमे धीमे चिराग़ जलते हैं

जबसे तूने निगाह फेरी है
दिन है सूना तो रात अन्धेरी है
चाँद भी अब नजर नहीं आता
अब सितारे भी कम निकलते हैं
याद में तेरी जाग-जाग के हम . . .

लुट गयी वो बहार की महफ़िल
छुट गयी हमसे प्यार की मंजिल
ज़िन्दगी की उदास राहों में
तेरी यादों के साथ चलते हैं
याद में तेरी जाग-जाग के हम . . .

तुझको पाकर हमें बहार मिली
तुझसे छुटकर मगर ये बात खुली
बाग बागी चमन के फूलों को
अपने पैरों से खुद मसलते हैं
याद में तेरी जाग-जाग के हम . . .

क्या कहें तुझसे क्यूं हुई दूरी
हम समझते हैं अपनी मजबूरी
तुझको मालूम क्या के तेरे लिये

दिल है फिदा, मेरा दिल है फ़िदा

मेरा सपना है तू, मेरा सजना है तू
हो ना जुदा, कभी हो ना जुदा

दम से है तेरे ये रोशनी
ही पोरी कोना ची
इसकी अदा मेरा दिल ले गई
ही पोरी कोना ची

(गल्यान सांखली सोन्या ची
ही पोरी कोना ची) - २

साजन तुझे मिल जायेगा,
प्यार भरा दिन आयेगा,
जो प्यार ढूंढे है तेरी नज़र,
वो भी तुझे मिल जायेगा
मिल जायेगा, तुझे मिल जायेगा,
तेरा सजन तुझे मिल जायेगा
ये है रब से दुआ, हम सबकी दुआ,
साथी तेरा कोई बन जायेगा

आने लगी है लब पे हँसीं
ही पोरी कोना ची
इसकी अदा मेरा दिल ले गयी
ही पोरी कोना ची

(गल्यान सांखली सोन्या ची,
ही पोरी कोना ची) - २

दिल मे सजन है, इसकी लगन है,
होगा यहीं, कहीं होगा यहीं - २

आँख वीरान है, दिल परेशान है
क्या हो गया, इसे क्या हो गया

ढूंढती है जिसे, कहीं जाने जिसे,
खामोश है, बड़ी खामोश है
उलझन मे इसकी है, ये ज़िंदगी
ही पोरी कोना ची

(गल्यान सांखली सोन्या ची,
ही पोरी कोना ची) - २

film: Dilli ka Thug singer: Kishore
lyrics: Majrooh music: Ravi

किशोर: हम तो मोहब्बत करेगा,
दुनिया से नही डरेगा,
चाहे ये ज़माना कहे,
हमको दीवाना अजी
हम तो मोहब्बत ...

चुपके से आप तो,
दिल लेके चले जातें है,
पीछे पीछे दीवाने,
फिर भी चले आतें है - २

नू: मेरी जूती से!!

किशोर: जूता पालिश करेगा,
लेकिन तुम पर मरेगा
चाहे ये ज़माना कहे,
हमको दीवाना अजी
हम तो मोहब्बत करेगा,
दुनिया से नहीं डरेगा,

ठोकर से और भी,
अरमां ये जवां होते है,
दुनिया में हम जैसे,
आशिक़ भी कहां होतें है - २

नू: अरे वाह रे मजनूँ

किशोर: लैला लैला करेगा,
ठंडी आहें भरेगा,
चाहे ये जमाना कहे,
हमको दीवाना अजी
हम तो मोहब्बत करेगा,
दुनिया से नहीं डरेगा,

दूर हो हो के अजी,
यूँ न सताओ हमको,
हम जियें कैसे भला,

film: Miss Mary singer: Kishore
lyrics: Rajinder Krishan music: Hemant Kumar

हारमोनियम बजाया,
तबला बजाया,
ये भी बजाया,
और वो भी बजाया,
मगर अफ़सोस ...
गाना ना आया बजाना ना आया
दिलवर को अपना बनाना ना आया (२)

हाँ, कहीं स है,
कहीं रे है,
कहीं ग-म-प-ध-नि है,
कहीं बागेश्वरी की बाहें,
कहीन जयजयवन्ती की नानी है, आआआ
ये बोझा सात सुरों का हमसे, बापरे!
उठता भी तो क्यों उठता
हाँ, हाँ
हमें एक सुर भी हिलाना ना आया (२)
दिलवर को अपना बनाना ना आया
ग़ाना ना आया...

अरे धत तेरे की
सड़क टेढ़ी देसी राग की एएए एएएएएए
चल मोड़ले टमटम
वूं, वूं ... हूं

गले को गरम करले वूं, वूं, आहाहा
गले को करम करले, छोड़ अन्ग्रेज़ी में एक आइटम,
हाँ अन्ग्रेज़ी में एक आइटम, हाँ

टट्टट पप्पप टट्टट - २

ओह माय सीता, पपलू पपीता, एक ही तो गीता
सोनिये सोनिये गोरिये गाने दिये बोरिये
हाः हाः

काश मैं जा सकता लंदन, हेलो सर, हाउ आर यू?
हेंः हेंः
काश मैं जा सकता लंदन
सीख के आता वहांसे वायलिन
वूंहूं वूंहूं

थ्री ब्लाइन्ड माइस, थ्री ब्लाइन्ड माइस
सी हाउ दे रन, सी हाउ दे रन,

रोपे पोराय कोरे पोवरे - २

अफ़सोस, अफ़सोस अफ़सोस
अफ़सोस लेकिन, ओ जानेमन ऐ जानेमन

कांटे छुरी से खाना ना आया (२)
दिलवर को अपना बनाना ना आया (२)
गाना ना आया, बजाना ना आया
अरे ये नही आया, अरे वो नही आया
गाना ना आया बजाना ना आया
गाना बजाना, बजाना और गाना
या-आआ या या याहू
कुकुडूं कूं कूडूं

film: Dil Hai Ki Maanta Nahi singer: Anuradha Paudwal, Kumar Shanu
lyrics: Sameer music: Nadeem Shravan

गल्यान सांखली सोन्या ची,
ही पोरी कोना ची,
गल्यान सांखली सोन्या ची,
ही पोरी कोना ची, (२)

इसकी अदा मेरा दिल ले गई,
ही पोरी कोना ची,
गल्यान सांखली सोन्या ची,
ही पोरी कोना ची,

हो जाये अपनी अगर दोस्ती,
